रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 7 नवम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 276 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# आरजेडी के नेता बिहार की पूरी एक पीढ़ी का भविष्य खा गए

**● पीएम मोदी बोले-राजद वाले र से रंगदारी-फ से सिर्फ फिरौती जानते हैं ● इनकी पाठशाला में घ से घोटाला और प से परिवारवाद की ट्रेनिंग होती है**



**अररिया (एजेंसी)।** बिहार में पहले फेज की वोटिंग के बीच पीएम मोदी नवादा में सभा की। यहां उन्होंने कहा कि एक बार फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। बिहार की बेटियां अपने प्रदेश को जंगलराज से दूर रखने के लिए वोटिंग कर रही हैं। पीएम ने कहा कि, आरजेडी के पोस्टर में कांग्रेस के नामदार की कहीं तस्वीर लगी है क्या। इन दोनों पार्टियों में ही तनातनी चल रही है। कांग्रेस के नामदार बिहार आना भी नहीं चाहते थे, लेकिन इनको जबरदस्ती लाया गया है। पीएम ने कहा कि राजद वालों को फ फरौती, र से रंगदारी, प से परिवारवाद और घ से घोटाला ही सिखाया जाता है। इससे पहले पीएम मोदी ने अररिया में सभा की थी। वहां उन्होंने कहा था कि, आज बिहार में पहले चरण के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर शानदार तस्वीरें आ रही हैं। बूथों पर सुबह से लाइन लगी हैं। आज पूरे बिहार से एक ही आवाज आ रही है फिर एक बार एनडीए सरकार। आरजेडी के नेता बिहार की पूरी एक पीढ़ी का भविष्य खा गए। 2014 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद बिहार के विकास में तेजी आई। पटना में एम्स,बोधगया में विकास हुआ।

### दही-चूड़ा और मखाने की खीर से एनडीए की जीत मनाएंगे

आप लोग मेरा एक काम कीजिएगा। घर-घर जाकर लोगों को हमारे काम के बारे में बताइएगा। उन्हें मेरा प्रणाम कहिएगा। हमारे लिए वोट करने को कहिएगा। 14 नवंबर को नतीजे एनडीए के पक्ष में ही जाएंगे और हम दही-चूड़ा और मखाने की खीर से एनडीए की जीत का जश्न मनाएंगे। अररिया में सभा के बाद प्रधानमंत्री भागलपुर पहुंचे। इस दौरान भागलपुर और बांका जिले की 12 विधानसभा क्षेत्रों को साधा। पीएम मोदी की सभा में भागलपुर, नवगछिया, मुंगेर और बांका से एक लाख से अधिक लोगों के शामिल हुए। भागलपुर और अररिया में 11 नवंबर को वोटिंग है। इसके बाद पीएम मोदी गयाजी के लिए रवाना हो गए और वहां सभा की।

● **कट्टा-क्रूरता ही इनकी पहचान है-** पीएम मोदी ने कहा कि, विकसित भारत के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। आरजेडी और कांग्रेस कभी भी बिहार को विकसित नहीं बना सकते हैं। इन लोगों ने बिहार पर कई सालों तक राज किया। इन लोगों ने आपके साथ सिर्फ विश्वासघात किया है। जहां कट्टा, क्रूरता का राज हो, वहां कानून दम तोड़ देता है। जहां कटुता बढ़ाने वाली आरजेडी और कांग्रेस हो, वहां समाज में सद्भाव मुश्किल होता है। जहां आरजेडी और कांग्रेस का कुशासन हो, वहां विकास का नामो-निशान नहीं होता है। जहां करप्शन हो, वहां सामाजिक न्याय नहीं मिलता, ऐसे लोग कभी भी बिहार का भला नहीं कर सकते।

● **घुसपैठियों को सिर्फ एनडीए भगा सकती है-** घुसपैठिए हमारे प्रयासों के सामने एक बड़ी चुनौती है। एनडीए सरकार पूरी क्षमता और ईमानदारी से घुसपैठियों की पहचान कर रही है और उन्हें देश से बाहर निकालने के लिए काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस और आरजेडी उन्हें बचाने में लगे हैं। उन्हें बचाने के लिए, वे तरह-तरह के झूठ बोलते हैं।

# ईसी के 3 अधिकारी, लोकतंत्र के साथ कर रहे हैं खिलवाड़

**● प्रियंका बोलीं-चुनाव निष्पक्ष हुआ तो हमारी सरकार आएगी**

### मोतिहारी में कांग्रेस नेता ने कहा-पीएम हमारे फोटो नाप रहे



**मोतिहारी (एजेंसी)।** पहले फेज के चुनाव के बीच गुरुवार को प्रियंका गांधी पूर्वी चंपारण के गोविंदपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी में पीएम मोदी के बयान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी भाषण क्या देते हैं। कांग्रेस के पोस्टर पर आरजेडी की फोटो लगी है। आरजेडी की फोटो पर कांग्रेस की छोटी फोटो लगी है। देश के प्रधानमंत्री हैं क्या और कोई काम नहीं है, जो हमारे पोस्टर्स की फोटो नापे। कहते हैं हम आपका अपमान कर रहे हैं। प्रियंका ने कहा, हम आपके लिए अच्छे काम कर रहे हैं, लेकिन वो कहते हैं अपमान कर रहे हैं। कल राहुल गांधी ने दिखाया किस तरह से सरकार वोटों की चोरी कर रही है। ज्ञानेश कुमार, एसएस संधू, विवेक जोशी...ये चुनाव आयोग के 3 ऐसे अधिकारी हैं, जो देश के संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इनके नाम याद कर लीजिए, ये तीनों आपके अधिकार छीन रहे हैं। अगर ये चुनाव निष्पक्ष हुआ तो हमारी सरकार आनी तय है। उन्होंने ने कहा कि चंपारण की धरती से ही आजादी के आंदोलन की शुरुआत हुई। यहां के किसानों की आवाज महात्मा गांधी तक पहुंची और वो यहां तक आए। आज अंग्रेजों का नहीं मोदी का साम्राज्य है। इस राज में सब कुछ मंहगा हो गया है। प्रियंका ने आगे कहा कि, बिहार में एक जमाने में बड़े-बड़े पुल बने थे। अब हाल ये है कि 3 साल में 27 पुल गिरे हैं। आज आप संघर्ष कर रहे हैं।

# "बिहार चुनाव धर्म-अधर्म की लड़ाई"

## सीएम डॉ. मोहन यादव का तूफानी प्रचार, कांग्रेस पर जमकर हमला

भोपाल/पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के बीच मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 6 नवंबर को बिहार के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में जोरदार प्रचार अभियान चलाया और जनता को सीधा संदेश देते हुए कहा कि यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई है।

मधुबनी जिले की बिस्फी विधानसभा और गया जिले की वजीरगंज में आयोजित चुनावी सभाओं में भारी जनसैलाब उमड़ा और सीएम ने कांग्रेस पर तीखे आरोप लगाए तथा राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मुद्दों को लेकर विपक्ष को घेरा। डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देश का परिदृश्य बदल चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनरुत्थान की लहर है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर और उज्जैन के महाकाल लोक का हवाला देते हुए कहा कि यह सब उस परिवर्तन का संकेत है, जो देश में चल रहा है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वर्षों से कांग्रेस ने धार्मिक स्थलों के निर्माण में अड़चनें खड़ी कीं और वोट बैंक की संस्कृति अपनाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जैसी



पार्टियां कभी सच्चे भाव से मंदिर निर्माण नहीं कर पातीं। सभा में सीएम ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भी प्रहार किया और कहा कि विपक्ष अब हर चुनाव में झूठे आरोप और भ्रम फैला रहा है। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि मतदान के दिन ईवीएम को अपना "सुदर्शन चक्र" मानकर विरोधियों का हिसाब चुकता करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मताधिकार ही आज की जनता का सबसे बड़ा हथियार है और उसे सही दिशा में उपयोग करना जरूरी है। बिहार में विकास के एजेंडे पर बात करते हुए डॉ. यादव ने एनडीए के गठबंधन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रशासन का समर्थन करते हुए कहा कि डबल-इंजन सरकार से ही बिहार का समग्र विकास संभव है। उन्होंने शराबबंदी, माताओं-बहनों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता और किसानों के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र कर यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि एनडीए के शासन में सामाजिक और आर्थिक सुधार हुए हैं। सीएम ने सभा में यह भी कहा कि मध्यप्रदेश सरकार श्रीकृष्ण से जुड़े तीर्थस्थलों के विकास पर काम कर रही है और ऐसे कामों से न केवल धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे वोट बैंक के नाम पर समाज में दरारें पैदा करते हैं और जनता को एकजुट होकर विकास के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने की आवश्यकता है। डॉ. यादव के तेज़ स्वर और स्पष्ट संदेश ने सभास्थलों पर बड़ी संख्या में लोगों को उत्साहित किया। राजनीतिक विश्लेषक इसे चुनावी रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं जिसमें सांस्कृतिक मुद्दों और विकास एजेंडे दोनों को समेटकर मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। बिहार में 11 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले डॉ. मोहन यादव का यह प्रचार दौरा एनडीए के अभियान को अतिरिक्त ताकत देने की मंशा रखता है।

# आबकारी विभाग इंदौर की सशक्त कार्यवाही

## घेराबंदी कर अवैध मदिरा सहित वाहन जप्त

**रणजीत टाइम्स**
**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर जिला इंदौर शिवम वर्मा के आदेश, सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन तथा कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल,उड़नदस्ता प्रभारी कमलेश सोलंकी के द्वारा टीम गठित कर दिनांक 05.11.2025 को वृत्त आंतरिक क्षेत्र-01 के प्रभारी आशीष जैन की टीम द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी एवं निर्णायक कार्यवाही की गई।



प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा सघन घेराबंदी कर तीन पहिया वाहन (ऑटो) क्रमांक MP09-RA-8722 को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर 06 पेटी विदेशी मदिरा अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई, जिस पर आरोपी दिलीप पिता उमराव को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। मदिरा एवं वाहन को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं (2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 2,40,828/- आंका गया है।

यह कार्रवाई आबकारी विभाग इंदौर के सतत विशेष अभियान का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत अवैध मदिरा के परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर कड़ा नियंत्रण एवं निरंतर निगरानी रखी जा रही है। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक मुकेश रावत, वीरेंद्र पटेल, विपुल खरे, नर्मदा अलावा एवं नितिन सोनी का सक्रिय एवं सराहनीय योगदान रहा।

# फिल्म हक पर रोक से हाई कोर्ट का इंकार



**इंदौर।** फिल्म हक के रिलीज किए जाने पर रोक से हाई कोर्ट ने इंकार कर दिया। जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच ने इसे लेकर दायर याचिका खारिज कर दी। दो दिन तक बहस चली। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिल्म निर्माता की ओर से एडवोकेट एच वाय मेहता ने तर्क रखे थे। हाईकोर्ट में शाहबानो की बेटी सिद्दीका बेगम खान ने यह याचिका दायर की थी।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ के पूर्व प्रकरण में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रणजीत टाइम्स**
**आदित्य शर्मा**

आरोपी ऑनलाइन माध्यम से ऑर्डर लेकर करता था सप्लाई आरोपी ने पूछताछ में अच्छा कमीशन मिलने के लालच में मादक पदार्थ सप्लाई करने का कार्य कबूला। आरोपी परवेज टीन चादर की दुकान की आड़ में कर रहा था मादक पदार्थ सप्लाई का काम।

**अपराध क्रमांक**
**192/2025 , धारा- 8/22**

### आरोपी का नाम

1. परवेज खान नि. धार

घटना का विवरण :- इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है, इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा पूर्व प्रकरण में एक और आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार किया है । आरोपी जिला धार का रहने वाला है एवं ऑनलाइन ऑर्डर लेकर इंदौर शहर के मादक पदार्थ विक्रेताओं को माल उपलब्ध करवाता था। "क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा आरोपी को साइबर टीम की तकनीकी सहायता एवं मुखबिरी के आधार पर चिन्हित कर गिरफ्तार



किया गया है।" "प्रकरण में पूर्व में आरोपी 1.शहीम पिता सलीम खान, निवासी बेटमा, इंदौर तथा 2. मोहम्मद शारिक पिता मोहम्मद शकील, निवासी बेटमा,इंदौर को गिरफ्तार किया गया था जिनसे 22 ग्राम अवैध मादक पदार्थ MD ड्रग्स एक पन्नी में बरामद किया गया था।

### पुलिस कार्यवाही

आरोपी मोहम्मद सदीक एवं सहीम खान जो पूर्व में गिरफ्तार हुए थे परवेज निवासी बाल छाबड़ा जिला धार के माध्यम से जावरा से एमडी ड्रग खरीद कर इंदौर में बेचते थे "परवेज को NDPS एक्ट की धारा 29 में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस रिमांड लेकर उससे पूछताछ की जाएगी, जिसमें अन्य आरोपियों के संबंध में जानकारी मिलने की संभावना है।" अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# इंदौर पुलिस की असामाजिक तत्वों व संदिग्धों पर निगरानी हेतु हाई-टेक ड्रोन पेट्रोलिंग लगातार जारी

**पुलिस टीमो द्वारा ड्रोन के माध्यम से की गई हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में सघन चैकिंग व पेट्रोलिंग**







पुलिस की विशेष चैकिंग में कई संदिग्ध और नशाखोर भी पकड़ाए। थाना द्वारिकापुरी ने ड्रोन पेट्रोलिंग से अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वाले एक संदिग्ध को पकड़ की NDPS एक्ट की कार्यवाही

**रणजीत टाइम्स**
**आदित्य शर्मा**

इंदौर- शहर में अपराधों पर नियंत्रण व बेहतर पुलिसिंग हेतु असामाजिक तत्वों व बदमाशों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के लिए, इनके हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में विशेष निगरानी तथा चेकिंग एवं पेट्रोलिंग के दौरान ड्रोन का उपयोग कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों पर चारों ज़ोन के डीसीपी के मार्गदर्शन मे शहर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सघन चैकिंग और पेट्रोलिंग की जा रही हैं तथा इसे और प्रभावी कर आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन व कैमरों के द्वारा भी अवैधानिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी की जा रही हैं।

### इस कड़ी मे ज़ोन-02

»» थाना लसुडिया क्षेत्रांतर्गत स्कीम नंबर 78, बावड़ी हनुमान मंदिर द हब एरिया एवं आस पास के हॉटस्पॉट एरिया मे पुलिस द्वारा ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई एवं कई संदिग्धों से पूछताछ की गई । थाना खजराना क्षेत्रांतर्गत टास्कस चौराहा, स्कीम 94 रोबोट चौराहा, धीरज नगर एवं आस पास के हॉटस्पॉट एरिया मे पुलिस द्वारा ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई एवं कई संदिग्धों से पूछताछ की गई।

**थाना विजय नगर**

»» क्षेत्रांतर्गत स्कीम नंबर 54, अपोलो अस्पताल से भण्डारी अस्पताल एवं सत्य साई चौराहे के आसपास के सुनसान इलाकों शराब दुकानों गुमटियों पर पैनी नजर रखी गई ।

**थाना एमआयजी**

»» क्षेत्रांतर्गत हॉटस्पॉट एरिया नादिया नगर, संजय गांधी नगर, स्वर्ण बाग कॉलोनी क्षेत्रो मे ड्रोन पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों संदिग्धों से पूछताछ की गई एवं खुले मे नशा करने वालों पर कार्यवाही की गई।

**थाना परदेशीपुरा**

»» क्षेत्रांतर्गत सभी सुनसान इलाकों हॉटस्पॉट एरिया एवं शराब दुकान गुमटियों, छोटी छोटी गली मोहल्लों टापू नगर कुलकर्णी का भट्टा पर बारीकी से ड्रोन पेट्रोलिंग की गई इस दौरान कई संदिग्ध लोगों पर नजर रख, खुले मे नशा करने वाले लोगो को पकडा गया।

### ज़ोन-03

»» थाना बाणगंगा क्षेत्रान्तर्गत बाणेश्वरी कुंड, महाराणा प्रताप खेल संकुल, वृंदावन कॉलोनी और बाल्मीकि नगर पानी की टंकी के पीछे आदि हॉटस्पॉट पर विशेष चेकिंग की गई और ड्रोन की जरिए निगरानी की गई।

### ज़ोन-01

»»थाना मल्हारगंज क्षेत्र के शेडो एरिया जिंसी हाट, कसेरा बाखल, पंचकुइया आदि में संदिग्धों को चेक किया गया थाना आज़ादनागर में हॉट स्पॉट व शैडो एरिया चेकिंग।

### ज़ोन-04

»» थाना द्वारकापुरी क्षेत्र में ड्रोन द्वारा शैडो एरिया तथा हॉटस्पॉट पर ड्रोन सर्विलांस से चेकिंग व निगरानी की गई। इस दौरान विदुर नगर क्षेत्र में ड्रोन द्वारा शैडो एरिया में चेंकिंग करने पर एक संदिग्ध गांजे का सेवन करते हुए मिला, जिस पर थाना द्वारिकापुरी द्वारा आरोपी के विरुद्ध 8/27 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई । चैकिंग व पेट्रोलिंग के साथ आम नागरिकों के साथ मोहल्ला मीटिंग कर जनसंवाद भी किया गया। पुलिस द्वारा ड्रोन पेट्रोलिंग के माध्यम से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

# इंदौर के फरियादी का HDFC KCC बैंक अकाउंट हैक कर ठगे 9 लाख रुपए




**रणजीत टाइम्स**
**आदित्य शर्मा**

फरियादी का मोबाइल हैक कर दो kcc अकाउंट से की ऑनलाइन ठगी की वारदात। फरियादी के नेटबैंकिंग से चार ट्रांजेक्शन कर दिया वारदात को अंजाम। क्राईम ब्रांच के द्वारा लगातार ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायतों पर कार्य कर अंतराज्यीय ऑनलाइन ठग के आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही की जा रही है एवं ऑनलाइन फ्रॉड व सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग सम्बंधित हजारों साइबर एडवाइजरी जारी करने के उपरांत भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही है। इसी अनुक्रम में क्राईम ब्रांच इंदौर में एक शिकायत प्राप्त हुई है जिसमें इंदौर के निवासी फरियादी सूरज (परिवर्तित नाम) ने बताया कि मेरे HDFC bank में दो केसीसी करंट अकाउंट है, जिसमें अधिकतम कुल 9 लाख रुपए की लिमिट थी , किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फरियादी का मोबाइल हैक करके दोनों केसीसी अकाउंट से कुल 9 लाख रुपए, फरियादी कीअनुमति के बिना 4 अलग–अलग राशि के ट्रांजेक्शन कर आहरित कर धोखाधड़ी की गई। फरियादी कि शिकायत पर थाना अपराध शाखा जिला इंदौर में अपराध धारा 318(4) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर, क्राईम ब्रांच के द्वारा उक्त अपराध में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने सहित प्रकरण में जांच एवं संबंधित फ्रॉड बैंक खातों को फ्रिज करने सहित अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

मोबाइल हैक / ऑनलाइन ठगी से बचाव हेतु इंदौर पुलिस/लकी साइबर एडवाइजरी

1. OTP, ATM PIN, पासवर्ड कभी किसी को न बताएं।
2. अनजान लिंक (SMS / WhatsApp / Email) पर क्लिक न करें।
3. अनजान ऐप इंस्टॉल न करें
4. ऐप इंस्टॉल करते समय Camera / Microphone / Contacts / Storage की अनावश्यक परमिशन न दें।
5. फोन का लॉक (PIN / Pattern / Fingerprint / Face ID) हमेशा सुरक्षित रखें।
6. जटिल पासवर्ड प्रयोग करें और 2-Step Verification (2FA) जरूर चालू करें।
7. सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी (मोबाइल नंबर / पहचान पत्र / बैंक स्क्रीनशॉट) पोस्ट न करें।
8. किसी भी कस्टमर केयर नंबर को गूगल से न ढूंढें ।ऑनलाइन फ्रॉड होने पर शिकायत कहाँ करें?

1.राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन: 1930
2.ऑनलाइन शिकायत पोर्टल: https://cybercrime.gov.in
3.इंदौर पुलिस साइबर हेल्पलाइन नंबर 7049124445 पर कॉल करें।
4.अपने नजदीकी थाने पर शिकायत दर्ज कराएं।

# पुलिस कमिश्नर इंदौर ने स्कूल के प्रशासकों व स्कूल बस ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के साथ की बैठक, स्कूल बसों के सुरक्षित परिचालन हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



## स्कूली बच्चों एंव नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि रखते हुए, सभी को अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिये किया प्रेरित

**रणजीत टाइम्स - आदित्य शर्मा**

इंदौर - स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन व स्टूडेंट्स एवं नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में शहर के विभिन्न स्कूल प्रशासकों और स्कूल बसों के ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज दिनांक 06.11.25 को पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में किया गया। उक्त बैठक में अति. पुलिस आयुक्त (अप./मुख्या.) इंदौर श्री आर.के. सिंह, पुलिस उपायुक्त (यातायात प्रबंधन) इंदौर श्री आनंद कलादगी सहित यातायात प्रबंधन पुलिस के सभी अति. पुलिस उपायुक्तगण, सहायक पुलिस आयुक्तगण एवं शहर के विभिन्न स्कूल के प्रशासकगण एवं स्कूल बसों के ट्रांसपोर्ट अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक में स्टूडेंट्स एंव नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, रोड़ पर बसों के सुरक्षित संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिह ने सभी स्कूल प्रशासकों और ट्रांसपोर्ट अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि, स्कूल के बच्चों व नागरिकों की सुरक्षा तथा सुरक्षित यातायात हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता व जिम्मेदारी है, इसके लिये माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूल प्रबंधन/बस चालकों एवं संचालकों के लिये जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें व सुरक्षित रूप से बसों का परिचालन करें।

उन्होंनें सभी को किसी भी प्रकार की घटना/दुघर्टना के बचाव हेतु नर्देश दिए कि- सभी स्कूल नियमों के अनुसार अपनी बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। बसों में स्पीड गवर्नर सिस्टम लगवाया जाए व उनकी गति सीमा 40 किमी/घंटा से अधिक न हो। बसों में किसी भी आपात स्थिति के समय आवश्यक उपकरण जैसे- अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स व अन्य जरूरी सामान आवश्यक रूप से हो।बसों में एक इमरजेंसी गेट जरूर हो इसका भी ध्यान रखा जावें।

बसों के फिटनेस व निर्धारित मानकों की मॉनिटरिंग की जावें, किसी भी स्थिति में खराब वाहनों का संचालन न किया जावें।

ड्राइवरों के पास वैध और भारी वाहन चलाने के लिए उपयुक्त लाइसेंस हो, जिसकी वैधता की जांच भी की जावें। ड्राइवरों की शारीरिक स्थिति (आंखो की जांच आदि) की भी समय-समय पर जांच हो, व उन्हें प्रशिक्षित भी किया जावें।

चालक व परिचालक अपराधिक पृष्ठभूमि के तो नहीं है इसके लिय पुलिस वेरिफिकेशन भी करवाया जाएं तथा वो नशा करके वाहन तो नहीं चलाते इसकी भी निगरानी की जावें। उन्होंने सभी संबंधितों से उक्त निर्देशों का जिम्मेदारी पूर्वक पालन कर, सहयोग करने के की अपेक्षा की। उक्त बैठक के दौरान बसों के सुरक्षित परिचालन हेतु यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा एक चेक लिस्ट तैयार की गयी है, जिसमें स्कूल संचालको एवं बस के चालक व परिचालकों के लिये कुछ सामान्य निर्देश हैं वो सभी को प्रदाय की गयी तथा इन निर्देशों का पालन किया जा रहा है, इसके लिये एक शपथ पत्र भी सभी से प्राप्त किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर स्कूल बसों के सुरक्षित परिचालन के संबंध में जागरूकता व कार्यवाही की जावेगी। अतः सभी से अनुरोध है कि वे सुरक्षित यातायात हेतु नियमों व निर्देशों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वाले या सुरक्षा मानकों को पूरा न करने वाले वाहनों के विरूद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। उपस्थित स्कूलों के ट्रांसपोर्ट अधिकारियों व प्रशासकों ने भी अपनी बात रखी तथा उक्त निर्देशों के पालन में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।






**कैब से यात्रा या अनजान लोगों के साथ कार पुलिंग करते समय सावधानी के संबंध में इंदौर पुलिस की एडवायजरी**

इस दौरान ये सावधानियां रखें- राइड से पहले ड्राइवर/राइडर की प्रोफाइल और रेटिंग चेक करें

ऐप के अंदर ही मैसेज और पेमेंट करें।

यात्रा से पहले वाहन और उसका नंबर कन्फर्म करें

पिकअप-पॉइंट सार्वजनिक और रोशनी वाली जगह पर रखें, अपनी लाइव लोकेशन किसी भरोसेमंद को शेयर कर दें।

किसी भी तरह की घटना या क्राइम होने पर पुलिस को सूचित करें।

# जनता की बात पुलिस के साथ : जूनि इंदौर पुलिस द्वारा 'मोहल्ला बैठक' का आयोजन



इंदौर। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने की दिशा में आज दिनांक 06 नवंबर 2025 को थाना जूनि इंदौर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण 'मोहल्ला बैठक' का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रीतम दास सभागृह में संपन्न हुई, जिसमें पुलिस प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया।

**मुख्य उपस्थितिः** जनता से सीधा संवाद करने के लिए स्वयं पुलिस कमिश्नर (CP) श्री संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे। उनके साथः पुलिस उपायुक्त (DCP) जोन 4 श्री आनंद कलादगी एवं अन्य अधिकारीगण व थाना जूनी इंदौर का स्टाफ मौजूद था

**जनता की भागीदारीः** इस बैठक में क्षेत्र के लगभग 300 नागरिकों (पुरुष और महिला) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो सामुदायिक सुरक्षा के प्रति उनकी जागरूकता और सहयोग को दर्शाता है।

**चर्चा के मुख्य बिंदुः** बैठक का उद्देश्य क्षेत्र की समस्याओं को सुनना और जनता को सुरक्षा के प्रति



जागरूक करना था। चर्चा के मुख्य विषय निम्नलिखित थेः

1. यातायात जागरूकता और सुरक्षाः नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए निजी और सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के महत्व पर जोर दिया गया।

2. नशाखोरी पर जागरूकताः क्षेत्र में नशीली दवाओं के सेवन (Drugs Consumption) के दुष्प्रभावों और इससे निपटने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

3. शिकायत निवारणः जनता की शिकायतों और सुझावों को आसानी से पुलिस तक पहुँचाने के लिए 'शिकायत पेटी' (Complaint Box) लगाने की पहल की गई।

पुलिस कमिश्नर द्वारा संवादः पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच सहयोग से ही सुरक्षित और व्यवस्थित शहर का निर्माण संभव है।

# आधुनिक परिवेश में मानसिक स्वास्थ्य व शांति सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि है

इंसान यह जानता है कि अशांति का कारण स्वयं का मन ही होता है। जब तक मन से अशांत हैं, तब तक उनका जीवन सुखी नहीं हो सकता है। आज लोगों के पास भौतिक सुविधाएं बहुत हैं, लेकिन इसके बावजूद मन की में शांति नहीं होने से इंसान व्याकुल होता है और इस सोच में लग जाता है और कौन सी सुविधा जुटाए जिससे शांति प्राप्त हो सके। धन-दौलत से संसाधन खरीदे जा सकते हैं, लेकिन शांति नहीं खरीदी जा सकती है। शांति बाजार में बिकने वाली वस्तु नहीं है ना। कई लोग यह सोचते हैं कि मुख से चुप रहने से शांति मिल सकती है, लेकिन चुप रहना कोई मार्ग नहीं है, क्योंकि मुख से चुप रहने पर भी मन में हलचल चलती रहती है। सच्ची सुख-शांति तो तभी है जब व्यक्ति का मन चुप रहे। अशांति का कारण ही व्यक्ति का मन है। और, जब तक उनका मन शांत नहीं होगा तब तक जीवन सुखी नहीं हो सकता है।

संत कबीरदास कहते हैं कि हाथ में माला फेरने और जीभ से भजन करने से ईश्वर का सच्चा सुमिरन नहीं होता है, यदि मनुष्य का मन ही एकाग्र न हो। अब सवाल यह है कि मनुष्य का मन एकाग्र कैसे हो?



महात्मा गांधी भी कहा करते थे कि मैं शांति पुरुष हूं, लेकिन मैं किसी वस्तु की कीमत पर शांति नहीं चाहता। शांति के लिए मनुष्य को अपने जीवन को महात्मा गांधी की तरह प्रकृति से जुड़ नियमित और अनुशासित करना पड़ता है। जो व्यक्ति प्रकृति नियम और अनुशासन से चलता है उसका मन कभी अशांत नहीं होगा, बल्कि वह स्वयं प्रफुल्लित रहेगा और अपने आसपास के लोगों को भी सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा। दरअसल मन को नियंत्रित करने की कला ही सहज योग है| सहज योग माध्यम से ध्यान करते हुए हम अपने सूक्ष्म शरीर जो हमारे मन, बुद्धि, अहंकार आदि है, को संतुलित करने की कला सीख जाते हैं, तब हमारा मन हमारे नियंत्रण में आ जाता है और हमें वो शांति प्राप्त होती है जिसकी तलाश में हम बेचैन हो रहे थे| हमारे अंतर में स्थित सुक्ष्म शरीर में तीन नाड़ियां (बाईं ओर ईडा नाडी, दाहिनी ओर पिंगला नाडी और मध्य की सुषुम्ना नाडी) और सात चक्र (मूलाधार, स्वाधिष्ठान, नाभी, अनाहत यानि हृदय, विशुद्धि, आज्ञा और सहस्त्रार ) हैं. इन्हें बहुत ही आसान तरीके से नियंत्रित किया सकता है. इन नाड़ियों के संतुलन से जहाँ हम अपने भूतकाल की व्यथा से और भविष्य की चिंताओं से मुक्त होते है, वहीं चक्रों के संतुलन से हमारे अंदर सद्गुण बड़ी सहजता से स्थापित होते हैं और हमारा मन शांति को प्राप्त करता है।

आज जीवन में सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है लेकिन व्यस्त जीवन में शांति पाना सबसे मुश्किल है। अतः अपने व्यस्त समय से थोड़ा समय निकालकर सहज योग का अभ्यास करें व आत्मिक शांति प्राप्त करें. सहज योग पूर्णतः निशुल्क है। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# अनुलोम विलोम से स्वच्छ व निरोग रहती हैं नाड़ियां

अनुलोम का अर्थ होता है सीधा और विलोम का अर्थ है उल्टा। यहां पर सीधा का अर्थ है नासिका या नाक का दाहिना छिद्र और उल्टा का अर्थ है-नाक का बायां छिद्र। अर्थात अनुलोम-विलोम प्राणायाम में नाक के दाएं छिद्र से सांस खींचते हैं, तो बायीं नाक के छिद्र से सांस बाहर निकालते है।

यदि नाक के बाएं छिद्र से सांस खींचते हैं, तो नाक के दाहिने छिद्र से सांस को बाहर निकालते हैं। अनुलोम-विलोम प्राणायाम को कुछ योगीगण 'नाड़ी शोधक प्राणायाम' भी कहते हैं। उनके अनुसार इसके नियमित अभ्यास से शरीर की समस्त नाड़ियों का शोधन होता है यानी वे स्वच्छ व निरोग बनी रहती हैं। इस प्राणायाम के अभ्यासी को वृद्धावस्था में भी गठिया, जोड़ों का दर्द व सूजन आदि शिकायतें नहीं होतीं।

## प्राणायाम की विधि

- अपनी सुविधानुसार पद्मासन, सिद्धासन, स्वस्तिकासन अथवा सुखासन में बैठ जाएं। दाहिने हाथ के अंगूठे से नासिका के दाएं छिद्र को बंद कर लें और नासिका के बाएं छिद्र से 4 तक की गिनती में सांस को भरें और फिर बायीं नासिका को अंगूठे के बगल वाली दो अंगुलियों से बंद कर दें। तत्पश्चात दाहिनी नासिका से अंगूठे को हटा दें और दायीं नासिका से सांस को बाहर निकालें।
- अब दायीं नासिका से ही सांस को 4 की गिनती तक भरे और दायीं नाक को बंद करके बायीं नासिका खोलकर सांस को 8 की गिनती में बाहर निकालें।
- इस प्राणायाम को 5 से 15 मिनट तक कर सकते हैं।

## लाभ

- फेफड़े शक्तिशाली होते हैं।
- सर्दी, जुकाम व दमा की शिकायतों से काफी हद तक बचाव होता है।
- हृदय बलवान होता है। इससे हार्ट अटैक नहीं होता।

## सावधानियां

- कमजोर और एनीमिया से पीड़ित रोगी इस प्राणायाम के दौरान सांस भरने और सांस निकालने (रेचक) की गिनती को क्रमश: चार-चार ही रखें। अर्थात चार गिनती में सांस का भरना तो चार गिनती में ही सांस को बाहर निकालना है।
- स्वस्थ रोगी धीरे-धीरे यथाशक्ति पूरक-रेचक की संख्या बढ़ा सकते हैं।
- कुछ लोग समयाभाव के कारण सांस भरने और सांस निकालने का अनुपात 1-2 नहीं रखते। वे बहुत तेजी से और जल्दी-जल्दी सांस भरते और निकालते हैं। इससे वातावरण में व्याप्त धूल, धुआं, जीवाणु और वायरस, सांस नली में पहुंचकर अनेक प्रकार के संक्रमण को पैदा कर सकते हैं।
- अनुलोम-विलोम प्राणायाम करते समय यदि नासिका के सामने आटे जैसी महीन वस्तु रख दी जाए, तो पूरक व रेचक करते समय वह न अंदर जाए और न अपने स्थान से उड़े। अर्थात सांस की गति इतनी सहज होना चाहिए कि इस प्राणायाम को करते समय स्वयं को भी आवाज न सुनाई पड़े।





# रोजाना खाएं अदरक मिलेंगे अनगिनत फायदे

**अदरक में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेटस, आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। अदरक खाने से कई फायदे होते हैं।**

अदरक एक भारतीय मसाला है जो हर घर में रोजाना इस्तेमाल होता है। इसकी तासीर गर्म होने के कारण इसका अधिकतर सेवन सर्दियों में किया जाता है। इस मौसम में अदरक खाने से खांसी- जुकाम, बलगम जैसी परेशानियों से बचा जा सकता है। अदरक में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेटस, आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। अदरक खाने से कई फायदे होते हैं। आज हम उन्हीं फायदों के बारे में बताएंगे। चलिए जानते है एक टुकड़ा अदरक रोजाना खाने से शरीर को किस प्रकार फायदा मिलता है।

## जी मिचलाना

जी मिचलना और उल्टी की समस्या को रोकने के लिए अदरक औषधि की तरह का काम करता है। 1 चम्मच अदरक के जूस में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसको हर दो घंटे बाद पीएं। जल्द ही राहत मिलेगी।

## गठिया दर्द में राहत

अदरक में एंटी-इन्फ्लॉमेट्री प्रॉपर्टीज होती है जो जोड़ों के दर्द को खत्म करने में सहायक है। अदरक को खाने से या इसका लेप लगाने से भी दर्द खत्म होता है। इसका लेप बनाने के लिए अदरक को अच्छे से पीस लें। उसमें हल्दी मिला लें। इस पेस्ट को दिन में दो बार लगाएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

## मासिक धर्म में फायदेमंद

कुछ महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बहुत दर्द होती है। ऐसे में अदरक की चाय काफी फायदा पहुंचाती है। इसलिए दिन में 2 बार अदरक की चाय पीएं। इससे दर्द कम होगा।

## सर्दी- जुकाम और फ्लू

सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम और फ्लू जैसी छोटी-मोटी समस्या होना आम है। इससे बचने के लिए नियमित रूप से अदरक का सेवन करें। यह शरीर को गर्म रखता है जिससे पसीना अधिक आता है और शरीर गर्म बना रहता है।

## माइग्रेन का इलाज

जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या है उनके लिए अदरक रामबाण है। जब भी माइग्रेन का अटैक आए, तब अदरक की चाय बना कर पीएं। इसको पीने से माइग्रेन में होने वाले दर्द और उल्टी से काफी हद तक राहत मिलेगी।

## दिल को रखता है स्वस्थ

अदरक कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने, ब्लड प्रेशर को ठीक रखने, खून को जमने से रोकने का काम करता है। इससे दिल संबंधित बीमारियां भी नहीं होती है। इसलिए अपनी डाइट में अदरक को शामिल करें।

## पाचन तंत्र मजबूत

अदरक पेट फूलने, कब्ज, गैस, एसीडिटी जैसी समस्याओं को ठीक रखने में भी सहायक है। जिन लोगों को पेट से संबंधित समस्याएं रहती है वह रोजान सुबह खाली पेट अदरक का सेवन करें।

## मोर्निंग सिकनेस

मोर्निंग सिकनेस की समस्या अधिकतर गर्भवती महिलाओं को होती है। रोजाना सुबह अदरक के 1 टुकड़े को चबा कर खाएं। कुछ दिनों तक अदरक खाने से मोर्निंग सिकनेस की समस्या दूर हो जाएगी।

## ऊर्जा करें प्रदान

सर्दियों में अदरक खाने से शरीर गर्म तो रहता ही है साथ ही उसे एनर्जी भी मिलती है। रोजाना सुबह अदरक वाली चाय पीने से शरीर में चुस्ती- फुर्ती बनी रहेगी।








# वीनस विलियम्स की ऑकलैंड क्लासिक में होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स न्यूजीलैंड में होने वाले ऑकलैंड क्लासिक 2026 में वापसी करेंगी। उन्हें इस डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला है। अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी विलियम्स 16 महीने के ब्रेक के बाद 2025 के बीच में प्रतियोगिता में लौटीं। उन्होंने वाशिंगटन में वर्ल्ड नंबर 35 पेटन स्टर्न्स पर यादगार जीत के साथ वापसी की, जहां वह टूर-लेवल पर महिलाओं के एकल में जीत हासिल करने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनी। इसके बाद उन्हें एकल और युगल में यूएस ओपन के लिए वाइल्डकार्ड मिला। एकल में उन्होंने पहले राउंड में चेक गणराज्य की 11वीं सीड कैरोलिना मुचोवा को तीन सेट तक टक्कर दी और कनाडाई उभरती हुई स्टार लेयला फर्नांडीज के साथ युगल में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं थी। ऑकलैंड क्लासिक टूर्नामेंट के डायरेक्टर निकोलस लैम्पेरिन ने कहा, 'वीनस का महिला टेनिस के विकास पर गहरा असर रहा है और उनके खेल के प्रति अटूट जुनून ने अगली पीढ़ी को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि सभी खेल प्रेमियों को खेल की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक को एक्शन में देखने का यह मौका नहीं छोड़ना चाहिए।' ऑकलैंड क्लासिक पांच से 11 जनवरी 2026 तक चलेगा। यह18 जनवरी से शुरू होने वाले 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट होगा।

## फीडे विश्व कप शतरंज:

# अर्जुन की जीत से शुरुआत , गुकेश - प्रज्ञानन्दा नें खेला ड्रॉ

**गोवा, एजेंसी।** फीडे विश्व कप 2025 के दूसरे राउंड की पहली बाजी से सारे दिग्गज वरीय खिलाड़ी विश्व कप के अपने अभियान को आरंभ करते नजर आए, पहले बोर्ड पर विश्व चैम्पियन डी गुकेश और उज्बेकिस्तान के नोगेरबेक कायबेक की बाजी की पहली चाल चलकर उदघाटन करने के लिए खुद मेजबान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और पाँच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद पहुंचे ।

गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से केटालन ओपनिंग खेलते हुए अपने अभियान की शुरुआत की और मध्य खेल तक उनके मोहोरे बेहद सक्रिय तो नोगेरबेक के मुश्किलों मे नजर आ रहे थे पर खेल की 29वीं चाल में गुकेश से भूल हुई और उन्होने अपने ऊंट की काले के ऊंट से अदला बदली स्वीकार करते हुए नोगेरबेक को वापसी का मौका दे दिया और 84 चालों तक



चली यह मैराथन बाजी बेनतीजा रही । प्रज्ञानन्दा को भी औस्ट्रेलिया के टेमुर कुयबोकोरोव नें ड्रॉ पर रोक लिया , हालांकि दूसरे वरीय भारत के अर्जुन एरीगैसी नें अपने अभियान को जीत से आरंभ किया , अर्जुन नें बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव पर जीत दर्ज की , उन्होने काले मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में 42 चालों में जीत दर्ज की ।

अन्य खास मुकाबलों में जर्मनी के विश्व नंबर चार विंसनेट केमर नें रूस के व्लादिसलाव कोवलेव को हराया तो अनुभवी खिलाड़ियों में अजरबैजान के शाकिरयार ममेद्यारोव नें हंगरी के कांटोर ग्रिगेली को , फ्रांस के मकसीम लागरेव नें भारत के सूर्या शेखर गांगुली को और अर्मेनिया के लेवान आरोनियन नें एक रोमांचक मुक़ाबले में भारत के अरोण्यक घोष को पराजित किया ।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, शुक्रवार 7 नवम्बर 2025



# सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सुनील तोमर ईमानदारी और सेवा के प्रतीक

शिवपुरी (संवाददाता)

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी शहर के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सुनील तोमर न सिर्फ एक कुशल चिकित्सक हैं, बल्कि अपनी ईमानदारी, सरलता और मानवीय संवेदनाओं के लिए भी जाने जाते हैं। समाज में वे एक आदर्श चिकित्सक और भले इंसान के रूप में अपनी विशेष पहचान बना चुके हैं। डॉ. तोमर हमेशा से यह मानते हैं कि "डॉक्टरी केवल पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है।" इसी विचारधारा के साथ वे पिछले कई वर्षों से मरीजों की निःस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। उनकी देखरेख में सिद्धिविनायक हॉस्पिटल ने अनेक जरूरतमंद मरीजों को नई जिंदगी दी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि डॉ. सुनील तोमर किसी



भी मरीज के साथ भेदभाव नहीं करते। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की वे न केवल मदद करते हैं, बल्कि कई बार निःशुल्क उपचार भी उपलब्ध कराते हैं। उनकी ईमानदार कार्यशैली और मरीजों के प्रति समर्पण ने हॉस्पिटल को पूरे जिले में एक अलग पहचान दिलाई है। डॉ. तोमर का व्यवहार सभी के प्रति विनम्र और सहयोगात्मक रहता है। उनकी सादगी और सेवा भावना आज के समय में एक प्रेरणा है।

# 4 घंटे में चोरी गया ट्रैक्टर बरामद, आरोपी गिरफ्तार

शिवपुरी (संवाददाता)

**ऋषि गोस्वामी**

नरवर। चौकी मगरौनी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी गए महिन्द्रा ट्रैक्टर को महज चार घंटे में बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी संजय सिंह परिहार निवासी ख्यावदा ने 5 नवंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 नवंबर की रात उसके खेत से महिन्द्रा ट्रैक्टर (क्रमांक MP31AA3294, कीमत लगभग 5 लाख रुपये) अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस पर चौकी मगरौनी थाना नरवर में अपराध क्रमांक 254/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। नरवर थाना प्रभारी विनय यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर मोहनी जंगल के पास घेराबंदी की। इस दौरान एक व्यक्ति लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर झाड़ियों से निकालकर ले जाता हुआ मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम रविन्द्र उर्फ रवे गुर्जर निवासी ग्राम डोंगरी थाना बम्हारी बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने 4 नवंबर की रात ट्रैक्टर चोरी कर मोहनी जंगल में छिपाया था, जिसे 5 नवंबर को बेचने के इरादे से निकाल रहा था।



पुलिस ने चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जब्त ट्रैक्टर की कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में नरवर थाना प्रभारी विनय यादव, उप निरीक्षक प्रियंका शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक दिनेश यादव, आरक्षक अनिल चतुर्वेदी, रविन्द्र भास्कर, गजराज सिंह और राघवेन्द्र तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पार्षद प्रमोद खरे को बनाया गया यूथ कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष

**कॉंग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ाकर कॉंग्रेस को मजबूत करने का करूंगा कार्य :- प्रमोद खरे**

**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर :- मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस के द्वारा ग्वालियर के बहुत चर्चित ग्वालियर निगम वार्ड - 22 से पार्षद प्रमोद खरे को यूथ कांग्रेस के द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है , प्रमोद खरे लगातार कांग्रेस पार्टी के लिए हमेशा तत्पर रहें है. पार्षद तो प्रमोद खरे ने बहुत ही कम समय में अपने राजनीति करियर में जिले से लेकर प्रदेश और देश में भी नाम बना लिया है, यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर प्रमोद खरे ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया और कहां की प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सभी कार्यकर्ताओं का प्यार और स्नेह प्राप्त हुआ इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे यूथ कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस की रीति और नीति को आगे बढ़ने का कार्य करूंगा और वरिष्ठ नेतृत्व के आशीर्वाद



और मार्गदर्शन पर हमेशा कार्य करता रहूंगा और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का भी कार्य करूंगा, बता दे की प्रमोद खरे ग्वालियर निगम में पहली बार नगर निगम का चुनाव लड़ा था और पहली बार में ही अच्छे मतों से चुनाव जीतकर वार्ड 22 के पार्षद घोषित किए गए थे और तब से ही वार्ड में लगातार प्रगति देखने को मिल रहीं है , प्रमोद ने कहा कि जनता की सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है।

# करैरा पुलिस ने वसूली गिरफ्तारी वारंटी को झांसी से किया गिरफ्तार

**(दीपक परमार)**करैरा : पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ (IPS) के निर्देशन में असामाजिक तत्वों एवं वर्षों से फरार स्थायी एवं वसूली गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में थाना करैरा प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह छाबई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वसूली गिरफ्तारी वारंटी रामकुमार अहिरवार पुत्र कल्लू राम (उम्र 52 वर्ष), निवासी खिरक पट्टी थाना सदर बाजार, झांसी (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध न्यायाधीश काजल रेनीवाल, JMFC करैरा द्वारा प्रकरण क्रमांक MJCR 143/2023 धारा 125(3) दंप्रसं (CrPC) में राखी जाटव के मामले में 90,000 की वसूली गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था गिरफ्तारी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह छाबई, सउनि शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र यादव, आरक्षक मनीष कुमार एवं नरेन्द्र राजपूत की प्रमुख भूमिका रही।




## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888


# हेलमेट जागरूकता अभियानः पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को समझाईश दी एवं हेलमेट पहने वाहन चालकों का फूल माला से किया स्वागत

रणजीत टाइम्स

**झाबुआ : राजेश सोनी**

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ शिवदयालसिंह के निर्देशन जिले भर के थाना क्षेत्रों में हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं, जिले के सभी थाना क्षेत्रों में इस अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को समझाईश एवं स्वागत किया गया, पेटलावद थाना क्षेत्र के बामनिया पुलिस द्वारा चौकी प्रभारी संजय बघेल के नेतृत्व में हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं,पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत, पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट की आवश्यकता और इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया जा रहा हैं, साथ दोपहिया वाहनों पर हेलमेट लगाकर चलने वालों का पुष्पमालाओ से स्वागत भी किया जा रहा हैं अभियान में चौकी प्रभारी के साथ ए एस आई जीतेन्द्र दोहरे, हेड कांस्टेबल रविंद्र अमलियार, तोमसीह चौहान, आरक्षक विजय सोलंकी, मनीष चारेल, दिनेश डोडीयार, अनिल मोरी, रमेश डामर, लालसिंह मुजालदे आदि बल अभियान में मुख्य रूप से जुटे हुए हैं।



### हेलमेट पहनने के फायदे

पुलिस ने लोगो को बताया कि हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटना में सिर की चोटों से बचाव होता है और जान-माल की सुरक्षा होती है। उन्होंने बताया कि हेलमेट पहनना न केवल कानूनी रूप से आवश्यक है, बल्कि यह आपकी सुरक्षा के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है।

### हेलमेट पहने वाहन चालकों का स्वागत-

हेलमेट पहने वाहन चालकों का फूल माला से स्वागत किया गया, पुलिस ने हेलमेट पहनने वाले वाहन चालकों को प्रोत्साहित करने के लिए यह पहल की है, जिससे अन्य लोग भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित हों।

### जागरूकता और सुरक्षा

पुलिस अधीक्षक शिवदयालसिंह ने बताया की पुलिस विभाग का उद्देश्य है कि लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें। हेलमेट पहनना एक छोटी सी क्रिया है, लेकिन यह आपकी जान बचा सकती है। पुलिस विभाग की यह पहल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# ड्रोन से टोही, रसद और बॉर्डर में बढ़ाई घुसपैठ

● ऑपरेशन सिंदूर के छह माह बाद फिर ऐक्टिव हुए आतंकी

## खुफिया रिपोर्ट में खुलासा-हमले की फिराक में पाक आतंकी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के छह महीने बाद पाकिस्तान के आतंकी संगठनों खासकर लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद ने जम्मू-कश्मीर को फिर से निशाना बनाने और आतंकी हमले की कवायद तेज कर दी है।

इस कड़ी में आतंकी संगठनों ने सीमा पार से रसद की सप्लाई, ड्रोनों से टोही और सीमा पार से घुसपैठ की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी की है। एक रिपोर्ट में खुफिया दस्तावेजों के हवाले से कहा गया है कि आतंकी समूहों ने सितंबर से घुसपैठ, टोही और सीमा पार रसद बढ़ा दी है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कथित तौर पर, लश्कर और जैश की कई यूनिट्स नियंत्रण रेखा को पार कर जम्मू-कश्मीर में घुसी हैं, जिन्हें पाकिस्तान के विशेष सेवा समूह और इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस के गुर्गों से मदद मिल रही है।

खुफिया सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकी शमशेर के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा की एक इकाई ने ड्रोन के जरिए हवाई टोही की और नियंत्रण रेखा पर कमजोर जगहों की पहचान की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन जगहों पर आने वाले हफ्तों में संभावित फिदायीन हमले हो सकते हैं या वहां हथियार गिराए जा सकते हैं।

**● जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता फैलाना मकसद–** खुफिया आकलनों से यह भी पता चलता है कि पूर्व एसएसजी सैनिकों और आतंकवादियों वाली पाकिस्तान की बॉर्डर ऐक्शन टीमों को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में फिर से तैनात किया गया है, जो भारतीय ठिकानों पर संभावित सीमा पार हमलों का संकेत है। यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद की सबसे सुनियोजित गतिविधियों में से एक है, जो केंद्र शासित प्रदेश में अस्थिरता फैलाने की पाकिस्तान की नई रणनीति का संकेत देता है। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च कर मई के पहले हफ्ते में पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के अंदर घुसकर कई आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच चार दिनों का सैन्य संघर्ष हुआ था जिसमें पाकिस्तान के कई सैन्य बेस तबाह कर दिए गए थे। इतना ही नहीं पाक के कई लड़ाकू विमान और ड्रोन भी ढेर कर दिए गए थे। खुफिया रिपोर्ट बताती है कि ऑपरेशन सिंदूर, के छह महीने बाद आतंकी समूह फिर सक्रिय हुए हैं।